हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–79 : जौनपुर, बुधवार 11 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## राजद्रोह पर सुप्रीम 'ब्रेक' : जिस 124ए पर लगी रोक वो आखिर है क्या

नई दिल्ली ब्यूरो : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को राजद्रोह कानून की धारा 124ए पर पुनर्विचार के लिए समय दे दिया है। जब तक पुनर्विचार की ये प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती तब तक इस धारा के तहत कोई केस दर्ज नहीं होगा। यहां तक कि धारा 124ए के तहत किसी मामले की जांच भी नहीं होगी। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों पर इस धारा में केस दर्ज हैं और वो जेल में हैं वो भी राहत और जमानत के लिए कोर्ट जा सकते हैं। 162 साल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब राजद्रोह के प्रावधान के संचालन पर रोक लगाई गई है। धारा 124ए है क्या? इसके आरोपी को कितनी सजा हो सकती है? रोक लगने का क्या असर होगा? सरकार का इस पर अब तक क्या रुख रहा है? इस कानून से जुड़े हालिया चर्चित मामले कौन से हैं? इस कानून को लेकर पहले का क्या रुख रहा है? कोर्ट में अभी क्या हुआ है? राजद्रोह कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं में सेना के सेवानिवृत्त जनरल एसजी वोमबटकेरे और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया शामिल है। चीफ जस्टिस एनवी रमण की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ये कानून अंग्रेजों के जमाने का है। यह स्वतंत्रता का दमन करता है। इसे महात्मा गांधी और तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ इस्तेमाल किया गया था। क्या आजादी के 75 साल बाद भी इसकी जरूरत है? मंगलवार को कोर्ट ने इस कानून पर केंद्र से अपनी राय बताने को कहा था। केंद्र की ओर दायर हलफनामे में इस कानून पर उचित तरीके से पुनर्विचार की बात कही गई। इस दौरान कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम साफ कर देना चाहते हैं कि हम दो बातें जानना चाहते हैं– पहला लंबित मामलों को लेकर सरकार का क्या रुख है और दूसरा सरकार भविष्य में राजद्रोह के मामलों से कैसे निपटेगी। इन सवालों के जवाब के लिए कोर्ट ने सरकार को बुधवार तक का वक्त दिया था। इसके बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सरकार से निर्देश लेकर बुधवार को कोर्ट के सामने उपस्थित होंगे। इससे पहले सोमवार को केंद्र सरकार ने कहा था कि उसने धारा 124ए की समीक्षा और पुनर्विचार का फैसला किया है। उसने आग्रह किया था कि जब तक सरकार फैसला न कर ले, तब तक के लिए सुनवाई को टाल दिया जाए। हालांकि, कोर्ट ने केंद्र का ये आग्रह स्वीकार नहीं किया। अब इस मामले में आगे क्या होगा? सुप्रीम कोर्ट इस मामले में दायर याचिकाओं पर अब जुलाई में सुनवाई करेगा। तब तक केंद्र सरकार के पास समय होगा कि वो धारा 124ए के प्रावधानों पर पुनर्विचार करे। अगली सुनवाई में केंद्र को इसे लेकर अपना जवाब दाखिल करना होगा। तब तक धारा 124ए के तहत कोई केस दर्ज नहीं होगा। यहां तक कि धारा 124 ए के तहत किसी मामले की जांच भी नहीं होगी। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों पर इस धारा में केस दर्ज हैं और अगर वो जेल में हैं वो भी राहत और जमानत के लिए कोर्ट जा सकते हैं। राजद्रोह कानून क्या है? 1837 में अंग्रेज इतिहासविद और राजनेता थॉमस मैकाले राजद्रोह को परिभाषित किया था। उनके मुताबिक अगर कोई शब्दों द्वारा बोलकर या लिखित, द्रश्य संकेतों द्वारा या किसी अन्य तरीके से भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति उत्तेजित या असंतोष को उत्तेजित करने कोशिश करता है या घृणा या अवमानना में फैलाने का प्रयास करता है तो यह राजद्रोह माना जाएगा। अन्य देशों में क्या है प्रावधान? इसी तरह का कानून




अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, मलेशिया, सूडान, सेनेगल, ईरान, तुर्की और उज्बेकिस्तान में भी है। ऐसा ही कानून अमेरिका में भी है, लेकिन वहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता इतनी व्यापक है कि इस कानून के तहत दर्ज मुकदमे लगभग नगण्य हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया में सजा की जगह सिर्फ जुर्माने का प्रावधान है। भारत में इस कानून को अंग्रेज सरकार भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की अभिव्यक्ति को दबाने के लिए लेकर आई थी। इसके जरिए महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक और जोगेंद्र चंद्र बोस जैसे नेताओं के लेखन को दबा दिया गया। इन लोगों पर राजद्रोह कानून के तहत मुकदमे चलाए गए। इस कानून में कितनी सजा का प्रावधान है? 1870 में राजद्रोह को कानूनी जामा मिला। जब भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए में इसे शामिल किया गया। अनुच्छेद 124ए के मुताबिक राजद्रोह एक गैर–जमानती अपराध है। इसके दोषी को तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा के साथ जुर्माना तक हो सकता है। जिस व्यक्ति पर राजद्रोह का आरोप होता है वह सरकारी नौकरी नहीं कर सकता। उसका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया जाता है। जो अंग्रेज राजद्रोह का ये कानून लेकर आएं उनके देश में भी साल 2010 में इसे खत्म कर दिया गया। न्यूजीलैंड में भी पहले यह कानून था जिसे 2007 में खत्म कर दिया गया। पिछले साल ही सिंगापुर में भी इस कानून को खत्म कर दिया गया है। तो क्या राजद्रोह करने वाले देशद्रोही कहा जा सकता है? धारा 124ए राजद्रोह की बात करती है। अक्सर ऐसा माना जाता है कि ये धारा देशद्रोह से जुड़ी है, लेकिन ऐसा नहीं है। कानून में इस धारा को राजद्रोह या फिर सरकार विरोधी एक्ट कहा गया है। यानी, यह देश के खिलाफ किया गया अपराध नहीं है। केंद्र का इसे लेकर क्या रुख रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई, 2021 में पहली बार केंद्र को राजद्रोह कानून की धारा 124ए को लेकर नोटिस जारी किया। इसके बाद 27 अप्रैल 2022 को कोर्ट ने पांच मई को मामले की सुनवाई के लिए तारीख दी। दो मई को केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि वो इस कानून पर पुनर्विचार के लिए तैयार है। इससे पहले 2018 में लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि संविधान बनाने के दौरान संविधान सभा ने राजद्रोह कानून का विरोध किया था, क्योंकि ये कानून अभिव्यक्ति की आजादी का हनन करता है। हालांकि, इसके बाद भी ये कानून आज तक चला आ रहा है। क्या कभी संसद में इसे हटाने की मांग नहीं हुई? 2011 में सीपीआई सांसद डी राजा राज्यसभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए थे। इसमें उन्होंने धारा 124ए को खत्म करने की मांग की थी। हालांकि, यह बिल पास नहीं हो सका। 2015 में कांग्रेस सांसद शशि थरूर लोकसभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए। इसमें उन्होंने धारा 124ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा। इस कानून से जुड़े हालिया चर्चित मामले कौन से हैं? अप्रैल, 2022 में महाराष्ट्र में सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ। दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने का एलान किया था। राज्य सरकार का कहना था कि दोनों सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ घृणा फैला रहे थे। फरवरी, 2022 में उत्तर प्रदेश में डॉक्टर नीरज चौधरी पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ। डॉक्टर चौधरी सपा–रालोद गठबंधन के उम्मीदवार थे। एक वीडियो के आधार पर उनके ऊपर ये मुकदमा दर्ज हुआ। ऐसा कहा गया कि वीडियो में चौधरी के समर्थक पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। हालांकि, चौधरी ने दावा किया कि उनके समर्थक आकिब भाई जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे। फरवरी 2022 में ही उत्तर प्रदेश में कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय पर भी राजद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ। साल की शुरुआत में एक्टिविस्ट दिशा रवि पर राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी, सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क, फिल्म मेकर आइशा सुल्तान, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के विधायक शैलेंद्र पांडेय पर भी बीते एक साल के भीतर राजद्रोह का केस हुआ है। देश में हर साल राजद्रोह के कितने मामले दर्ज होते हैं? एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक साल 2020 में राजद्रोह के कुल 73 मामले दर्ज किए गए। 2019 में राजद्रोह के 93 तो वहीं, साल 2018 में 70 मामले दर्ज हुए। इस दौरान राजद्रोह के मामलों में दोषी पाए जाने वालों का आंकड़ा बहुत कम रहा है। 2018 में महज दो तो 2019 में एक दोषी पाया गया। वहीं, 2020 में दो लोगों को दोषी पाया गया। सरकारों का इस कानून को लेकर रुख क्या रहा है? पिछले कुछ समय से राजद्रोह के मामले तेजी से बढ़ें हैं, लेकिन इन मामलों में दोष साबित होने की दर ना के बराबर है। इसके बाद भी पिछले 75 साल में किसी भी सरकार ने इस कानून को खत्म करने के लिए कोई गंभीर कदम नहीं उठाया है। इसके पक्ष में सरकारों की दलील रही है कि यह कानून उन्हें अराजकता और अव्यवस्था से निपटने में मदद करता है।

## जिला जज ने की न्यायिक अधिकारियों के साथ लोक अदालत की तैयारी बैठक : 14 मई 2022 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 14 मई 2022 को जनपद न्यायालय, राजस्व न्यायालयों एवं जनपद की समस्त तहसील मुख्यालयों पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत तैयारी एवं समीक्षा हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0पी0 सिंह द्वारा अपने विश्राम कक्ष में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारीगणों से राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा राष्ट्रीय लोक अदालत को बड़े स्तर पर सफलता दिलाये जाने के संबंध में अधिक से अधिक सुलह–समझौते से निस्तारण योग्य मामलों को चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर सत्र एवं न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहित अन्य न्यायिक अधि



ाकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बैठक के उपरांत माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा आम–जनमानस से अपील की गयी की राष्ट्रीय लोक अदालत अपने मुकदमों एवं प्री–लिटिगेशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु एक मंच प्रदान करता है अतः इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाये।

## नोएडा ओपन नेशनल ताइक्वांडो टूर्नामेंट चैंपियनशिप का सबसे छोटा खिलाड़ी प्राप्त किया गोल्ड मेडल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के माँ लालती एकेडमी का सबसे छोटा व होनहार खिलाड़ी विराट मिश्रा नोएडा ओपन नेशनल ताइक्वांडो टूर्नामेंट चैंपियनशिप में मात्र सात वर्षीय खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल निकाल कर जिले का नाम रोशन किया, कोच के सचिव एवं चीफ कोच प्रवीण मिश्रा ने जानकारी दी की 10 मई को ओपन नेशनल ताइक्वांडो टूर्नामेंट में 7 खिलाड़ी गए थे जिसमें सबसे छोटा खिलाड़ी जो मात्र सात वर्ष का विराट मिश्रा इंडो नेपाल का कांस्य पदक विजेता रहा हैं जिसने इस बार जिले का नाम रोशन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, बताते चले की नोएडा ओपन नेशनल ताइक्वांडो टूर्नामेंट चैंपियनशिप का सबसे छोटा खिलाड़ी विराट मिश्रा ने तीन फाइट जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है जिसमें सबसे छोटे खिलाड़ी विराट मिश्रा को पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने सम्मानित किया है जिसके उपरांत ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरुण




शुक्ला ने बधाई दी जिसके बाद डॉक्टर रामशरण गौड़ दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष एवं दिल्ली हिंदी अकादमी के पूर्व सचिव द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ ही भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के पूर्व संपादक शांति कुमार स्याल द्वारा सम्मानित किया गया।

## देवरिया में डबल मर्डर से सनसनी : भूमि विवाद में सौतेले भाई ने दो सगे भाइयों की गला रेतकर की हत्या

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : देवरिया जिले में बुधवार की सुबह दो सगे भाइयों की गला रेत कर हत्या कर दी गई। वारदात गौरीबाजार के देवतहां गांव की है। सौतेली मां ने बेटे और बहू के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। एसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। तीनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देवतहां गांव के रहने वाले श्रीनिवास प्रसाद दुबई में नौकरी करते हैं। उसके साथ ही उसका बड़ा बेटा जितेंद्र भी नौकरी करता है। उन्होंने दो शादियां की है। घर पर उसकी पहली पत्नी कुसुम देवी, उसका बेटा राजू और बहू अर्चना के अलावा दूसरी पत्नी मनसा देवी और उसके बेटे अजय (18) और अभिषेक (12) थे। बुधवार की सुबह मनसा खेत की तरफ गई थी उसी दौरान सोते समय अजय और अभिषेक की चाकू से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई। हमलावरों ने दोनों को कई चाकू से गोदा भी है। आरोप है कि सौतेली मां कुसुम ने अपने बेटे राजू और बहू अर्चना पत्नी जितेंद्र के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। घर में बंटवारे को लेकर काफी कलह चल रहा था। करीब 20 दिन पूर्व काफी विवाद हुआ था। थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक ने बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी/एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे फिरोजाबाद: कलक्ट्रेट में लगाई जन चौपाल : लोगों की सुनीं समस्याएं

फिरोजाबाद ब्यूरो : प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर फिरोजाबाद पहुंचे। पुलिस लाइन में हेलीपैड पर डीएम सूर्यपाल गंगवाल, एसएसपी आशीष तिवारी, सीडीओ चर्चित गौड और जनप्रतिनिधियों ने बुके देकर उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद सीधे कलक्ट्रेट पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने कलक्ट्रेट में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुछ लोगों के प्रार्थना पत्र लेकर उनके निस्तारण को जल्द से जल्द कराने को कहा। बता दें इसके उपमुख्यमंत्री शिकोहाबाद संयुक्त अस्पताल, राशन की दुकान, कंपोजिट विद्यालय डाहिनी में बच्चों से



संवाद करेंगे। फिरोजाबाद की कान्हा गौशाला का निरीक्षण भी करेंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बनने के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## खड्ढ़े युक्त सड़क के कारण जनता पस्त अधिकारी मस्त

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुरबाड तालुका के शहपुर के छत्रपती शिवाजी महाराज चौक महसा कर्जत के 548 अ इस महामार्ग पर पिछले 36 महीने से सड़क मरम्मत के नाम पर पूरा रोड ही खोदकर रहें हैं जिसकी वजह से वहाँ की जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं कितनी बार यहाँ की जनता अधि



ाकारियों के ऑफिस के चक्कर काट कर उनकी चपलें भी टूट गई पर शाशन और प्रशासन के कानों पर जू तक नही रेग रहा है अब यहाँ की जनमानस कल से ही हड़ताल का रास्ता अपनाकर हड़ताल पर बैठ गई हैं, हड़ताल पर बैठे लोगों से जब हमारे संवाददाता जनार्दन जी बात किए तो सभी एक सुर में बोले जब तक हमारी मांग नही पूरा होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगा हड़ताल पर बैठे हुए श्री रमेश हिंदूराव, मगन धागस, वसंत पवार, प्रभाकर शैडके आदि नागरिक इस भयंकर गर्मी में सड़क के लिए शाशन पर प्रशासन से लड़ाई लड़ने पर मजबूर हैं।

## हवन यज्ञ के साथ भागवत कथा का समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सौरइयां गाँव में चल रहे साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का बुधवार को हवन यज्ञ के साथ समापन कर दिया गया। मौके पर जुटे क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद व चरणामृत ग्रहण किया। भंडारा का आयोजन गुरूवार को किया गया है। यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चन्द्र मिश्र ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे श्रद्धा एवं विश्वास पूर्वक करने से कई तीर्थो के बराबर पूण्य मिलता है। यज्ञ से धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ के साथ साथ वैज्ञानिक लाभ भी है। यज्ञ करने से जहां धार्मिक आस्था को बल मिलता है। वहीं हमारा अंतःकरण पवित्र होकर ईष्ट के प्रति एकाग्र होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इससे उठने वाला धुआं वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा कई गुना बढ़ा देता है। इससे जीवो में रोग रोधी क्षमताओं का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ में आहुति किए जाने वाला शाकला प्रभु का आहार होता है। इस मौके पर उमेश तिवारी गुरु जी, विकास तिवारी, डॉक्टर सूर्यभान यादव, अरुण दूबे, जगदीश पाण्डेय, वंशबहादुर पाल, संध्या पाण्डेय आदि मौजूद रहीं।

## हाईवे पर भिड़ंत में कोरियर वाहन सहित सुरक्षाकर्मी की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय क्षेत्र के बछुआर हरिहरपुर गांव स्थित हाईवे पर बीती रात अज्ञात वाहन से कोरियार वाहन की पीछे जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में कोरियर वाहन सुरक्षाकर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। वाराणसी से कोरियर वाहन संख्या यूपी 32 एलएन 7205 कोरियर सामग्री लेकर लखनऊ जा रहा था रात करीब साढ़े बारह बजे जैसे ही बछुआर गांव के पास पहुंचे की आगे जा रही एक अज्ञात ट्रक में पीछे से जा घुसी टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी में आगे बैठे सुरक्षाकर्मी जीतलाल यादव निवासी नेवादा थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज का मौके पर ही निधन हो गया ड्राइवर दिनेश कुमार भी जख्मी हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस उन सबको सिंगरामऊ अस्पताल ले आयी। जहां जीत लाल यादव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उप निरीक्षक गिरीश मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है कोरियर वाहन को कब्जे में ले लिया गया जिस गाड़ी में कोरियर वाहन की टक्कर हुई वह फरार हो गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं हैं, खुद को समझ लीजिए, सब समस्याओं का समाधान हो जायेगा।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# हिंद–प्रशांत क्षेत्र : भारत और जापान रिश्ते के सत्तर साल

दोनों देश लघुपक्षीय या बहुपक्षीय समूह में एक–दूसरे के साथ स्पष्ट रूप से राहत महसूस करते हैं। उदाहरण के लिए, 2017 के बाद से क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया) के संयुक्त बयानों के विश्लेषण में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है। बेशक उनमें चीन का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं होता है, पर हिंद–प्रशांत क्षेत्र में साझा सुरक्षा और समृद्धि के बारे में काफी कुछ कहा जाता है।

बीते 28 अप्रैल को भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंध की स्थापना के सात दशक पूरे हो गए। 28 अप्रैल, 1952 को एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दोनों देशों ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। इन वर्षों में यह द्विपक्षीय साझेदारी न केवल आगे बढ़ी है, बल्कि वर्ष 2015 में नई दिल्ली और टोक्यो विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदार बन गए हैं। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के चलते इस क्षेत्र को तेजी से बदलते शक्ति संतुलन की गतिशीलता का खतरा है।

ऐसे में, यदि भारत और जापान को स्थिर हिंद–प्रशांत क्षेत्र का प्रमुख वाहक बनना है, तो अपने सुरक्षा संबंधों को आगे बढ़ाना होगा। सबसे पहले, दोनों देशों को चीन और उसके उदय के बारे में धारणा और कार्रवाई, दोनों के बीच महत्वपूर्ण अंतर को पाटने के लिए सहयोगी और सुसंगत उपाय खोजने की जरूरत है। दूसरा, उन्हें यह तय करना चाहिए कि उनकी पहली रक्षा जरूरत क्या होगी। यदि ये ऐसा करते हैं, तो यह हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन की मुखर कार्रवाइयों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत होगा।

चीन के मौजूदा उदय को भारत और जापान किस तरह देखते हैं, इसमें इन दोनों देशों के चीन के साथ अतीत के अनुभवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उदाहरण के लिए, भारत–चीन संबंध ने स्पष्ट और लंबे समय से चले आ रहे शक्ति के अंतर से आकार लिया है, जो 1962 के युद्ध में भारत की हार से पैदा हुआ है। दूसरी तरफ, जापान की साझेदारी को उसके सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों (1930 के दशक में चीन पर कब्जा करने की घटना सहित) के जरिये आकार दिया गया है।

इसके अलावा, 1970 के दशक से, आर्थिक संबंधों का विस्तार करने को संकल्पित एक मजबूत चीनी लॉबी की जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में पैठ रही है। इसलिए चीन के साथ महत्वपूर्ण व्यापार एवं आर्थिक साझेदार होने की समानता के साथ उसके आक्रामक उदय से उत्पन्न खतरे के बावजूद टोक्यो और नई दिल्ली की चीन के प्रति अपनी–अपनी धारणा में एक महत्वपूर्ण अंतर रहा है। एक तरफ, टोक्यो चीन का सामना करने के प्रति अपेक्षाकृत अनिच्छुक रहा है, क्योंकि वह राजनीति को अर्थशास्त्र से अलग रखने की अपनी नीति को आगे बढ़ाना चाहता है।

इसके विपरीत, भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि जापान के साथ सुरक्षा सहयोग किसी तीसरे देश की कीमत पर, या कम से कम चीन की कीमत पर नहीं होना चाहिए। चीन के साथ लद्दाख में चल रहे संकट से भारत चीन के प्रति अधीर हुआ है, और वर्तमान आख्यान तेजी से बढ़ते तनाव और चीन के उदय को संतुलित करने पर केंद्रित है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, धारणा और कार्रवाई, दोनों में इस अंतर को पाटने का पहला प्रभावी तरीका यह है कि भारत और जापान अपने सुरक्षा संबंधों (जो पहले से ही अच्छी तरह काम कर रहा है) को मजबूत करें।

दोनों देश लघुपक्षीय या बहुपक्षीय समूह में एक–दूसरे के साथ स्पष्ट रूप से राहत महसूस करते हैं। उदाहरण के लिए, 2017 के बाद से क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया) के संयुक्त बयानों के विश्लेषण में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है। बेशक उनमें चीन का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं होता है, पर हिंद–प्रशांत क्षेत्र में साझा सुरक्षा और समृद्धि के बारे में काफी कुछ कहा जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न त्रिपक्षीय गठबंधनों में भी सतत प्रगति देखी गई है।

दूसरा तरीका, दोनों देशों की तटरक्षक साझेदारी को बढ़ाने का है, क्योंकि जापान की सांविधानिक सीमाएं अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) को पारंपरिक नौसेना की भूमिका निभाने से रोकती हैं। वर्ष 2021 में, चीन ने एक विवादित नया तटरक्षक कानून पारित किया, जिसका जापान ने विरोध किया है। यह स्मरण कराता है कि तटरक्षक संबंधों को मजबूत करना फायदेमंद होगा। जापानी तटरक्षक बल और भारतीय तटरक्षक बल संयुक्त रूप से समुद्री लूटपाट और खोज व बचाव अभ्यास करते हैं और 2006 से दोनों के बीच सहयोग जारी है, इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग तंत्र का विस्तार करना महत्वपूर्ण होगा।

भारत, जो हिंद महासागर में चीनी नौसेना के प्रवेश से चिंतित रहा है, जापानी तटरक्षक बल के साथ अधिक निकटता बनाकर लाभान्वित हो सकता है। तीसरा दृष्टिकोण, चीन के साथ संवेदनशील क्षेत्रीय मुद्दों के संबंध में उसकी स्थिति की समीक्षा करना और मजबूत समर्थन की आवाज उठाना है। चीन–भारत दोकलाम गतिरोध के दौरान भारत स्थित जापानी दूतावास ने हस्तक्षेप करते हुए कहा था कि 'किसीको भी बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।'

यह जापानी विदेश नीति के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्थान बिंदु था, जिसने आम तौर पर अन्य देशों के क्षेत्रीय विवादों की यथास्थिति के बारे में राजनीतिक बयान देने से परहेज किया है। इसलिए, भारत के लिए बेहतर होगा कि वह जापान और चीन के बीच चल रहे सेनकाकू द्वीप समूह विवाद पर अपनी स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करे। भारत ने अब तक इस द्वीप समूह के विवाद पर बयान देने से परहेज किया है। नई दिल्ली अगर इस क्षेत्र में प्रमुखता हासिल करना चाहती है, तो उसे एक स्टैंड लेने की जरूरत हो सकती है।

वर्ष 2014 से जापान ने अपने हथियारों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटा लिया है। तब से अक्सर उसने भारत को हथियार बेचने की इच्छा व्यक्त की है। अब तक हथियारों का सौदा नहीं होने की मुख्य वजह जापानी पक्ष द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को लेकर आनाकानी और भारतीय पक्ष की मूल्य निर्धारण संबंधी चिंताएं हैं। फिर भी जापान के लिए भारतीय हथियार बाजार सबसे आकर्षक हो सकता है, क्योंकि सऊदी अरब के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बनकर उभरा है। दोनों देशों के बीच आपूर्ति और मांग की इन प्रबल संभावनाओं के कारण उन्हें अपनी चिंताओं और बाधाओं को दूर करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, यदि दोनों देश भारत की मेक इन इंडिया पहल पर विचार करें कि वे जापानी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ रक्षा बिक्री औरध्या उत्पादन को कैसे इसमें शामिल कर सकते हैं, तो यह फायदेमंद होगा। पिछले दशक में मोदी और शिंजो आबे ने जिस रिश्ते को आगे बढ़ाया, उसे नवीनीकृत करने की जरूरत है। यदि भारत–जापान साझेदारी को हिंद–प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ाना है, तो अब समय आ गया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# अब होम बार लाइसेंस लेना हुआ आसान और बार लाइसेंस के नियमों में सरकार ने किया संशोधन

जौनपुर सू.वि. : जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि आबकारी विभाग में पहले से चली आ रही व्यवस्थाओं को सरल कर ईज आफ डूइंग विजनेस की नीति अपनाते हुए विभागीय कार्य कलापों को अत्यन्त सरल बनाने के लिए लगातार किये जा रहे है। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश आबकारी बार लाइसेंस की स्वीकृति नियमावली 2020 के कतिपय प्रावधानों को आवेदकों की दृष्टि से सुविधा जनक बनाते हुए और वैयक्तिक होम बार लाइसेंस व्यवस्था को सम्मिलित करते हुए आबकारी विभाग द्वारा उक्त नियमावली में प्रस्तावित संशोधनों को मा0मन्त्री परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश आबकारी (बार लाइसेंस की स्वीकृति) (प्रथम संशोधन) नियमावली 2022 के प्राख्यापन के पश्चात् बार लाइसेंसों के अन्तर्गत भोजन परोसने हेतु होटल एवं रेस्टोरेन्ट आदि में भोजन कक्ष के प्रावधानों को शिथिल करते हुए स्थानीय प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त करने की अनिवार्यता के साथ–साथ संबंधित स्थानीय निकाय के व्यापारिक लाइसेंस की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश आबकारी (बार लाइसेंस की स्वीकृति) (प्रथम संशोधन) नियमावली 2022 के प्राख्यापन के पूर्व विद्यमान सभी बार लाइसेंस, लाइसेंस धारकों द्वारा नवीनीकरण कराये जा सकेगें। इसी के साथ बार लाइसेंस स्वीकृत किये जाने के लिए आवश्यक 200 वर्ग मीटर की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए उसके स्थान पर अब न्यूनतम 100 वर्ग मीटर के कुर्सी क्षेत्रफल का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार बार लाइसेंस की स्वीकृति के लिए न्यूनतम व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के 40 व्यक्तियों के स्थान पर 30 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता का प्रावधान किया गया है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम 1973 की धारा 15 (क) (2) के उपबन्धों के अधीन सहायक दस्तावेजों सहित भवन पूर्णतः प्रमाण–पत्र या शपथ पत्र के स्थान पर संबंधित विकास प्राधिकरण या स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तावित परिसर से संबंधित भवन के अनुमोदित नक्शें की सत्यापित प्रति अथवा विहित पोर्टल से डाउनलोड की गयी स्वःप्रमाणित प्रति अथवा इस संबंध में अन्य कोई सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत किये जाने का प्रावधान किया जा रहा है। उक्त नियमावली के लागू होने के पूर्व विद्यमान समस्त बार लाइसेंस नियमावली के अधीन नवीनीकरण हेतु औपचारिकतायें पूर्ण करने पर नवीनीकरण के लिए हकदार होगें, के स्थान पर नियमावली के आरम्भ होने के पूर्व विद्यमान सभी बार लाइसेंस नवीनीकरण के लिए अधिकृत होने का प्रावधान किया गया है। वैयक्तिक होम बार लाइसेंस के प्रचलित प्रावधानों में संशोधन करते हुए आवासीय परिसर में भारत निर्मित विदेशीमदिरा और समुद्रपार आयातित मदिरा के अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, अतिथियों और मित्रों, जिनकी उम्र 21 वर्ष से कम न हो, द्वारा उपभोग हेतु किसी व्यक्ति को प्रपत्र पी0एच0–1 में वैयक्तिक होम बार लाइसेंस स्वीकृत किये जा सकेगे। इस प्रकार बार लाइसेंस एवं होमबार लाइसेंस में किये गये संशोधनों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के पश्चात् पूर्व प्रचलित नियमों में विद्यमान जटिलताओं और आवेदकों के सम्मुख आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए आबकारी विभाग द्वारा संशोधन कर लाइसेंस नियमों को अधिक सुगम बना दिया गया है जिससे सामान्य जन को बार अनुज्ञापन और वैयक्तिक होम बार लाइसेंस लेना आसान हो जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन अभियान में जनपद जौनपुर में अवैध मदिरा के निर्माण/परिवहन/संचय/बिक्री अथवा वितरण से संबंधित व्यक्तियों/अडड्ों पर अंकुश लगाये जाने हेतु पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी की पूर्व में गठित संयुक्त टीमों द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए यदि किसी व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल द्वारा बिना अनुमति मदिरा का उपभोग करना/परोसना पाया गया तो संबंधित व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस लिए किसी कार्यवाही से बचने के लिए यदि किसी व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल को किसी समारोह/कार्यक्रम में मदिरा का उपभोग आवश्यक हो तो उसके लिए निर्धारित फीस जमा कर अकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात मदिरा का उपभोग किया जा सकता है। उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जौनपुर (मो0न0–9454465613) से सम्पर्क किया जा सकता है।

# आते–जाते शोहदे छेड़ें तो 1090 पर फोनकर बताओ समस्या

जौनपुर सू.वि. : महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें महिलाओं की सहायता के लिए उपयोगी नम्बरों, उनकी शिक्षा में उपयोगी योजनाएं तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की तरफ से किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के निर्देशन में चल रहे इस कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत 1,535 स्थानों पर महिला बीट बनाई गई है। महिला बीट ग्राम पंचायतों में जाकर चौपाल के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए टोल फ्री नम्बरों के बारे में जानकारी देती है। यह महिला बीट सरकार द्वारा संचालित महिलाओं और बच्चों की योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना के बारे में भी बताती है। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक बबिता ने बताया कि महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कई टोल फ्री नंबर संचालित किए जा रहे हैं जिनका उपयोग कर महिलाएं सुरक्षा पा सकती हैं। यदि कोई व्यक्ति किसी बालिका या महिला को अश्लील वीडियो भेजता हैए सड़क पर आते–जाते छेड़ता है या उसे किसी भी तरह से परेशान करता है तो वह 1090 पर फोन करके अपनी समस्या बता सकती है। उसकी यह कॉल संबंधित थाने पर फॉरवर्ड कर उस महिला की समस्या का समाधान कराया जाता है।उन्होंने बताया कि कैसे घरेलू हिंसा के मामलों में 181 महिला हेल्प लाइन नम्बर की मदद ली जा सकती है। ऐसे मामलों में उसके चाहने पर उसका नाम भी गोपनीय रखा जाता है। महिला कल्याण विभाग की ओर से करंजाकला में वन स्टॉप सेंटर बनाया गया है। यहां एक छत के नीचे महिलाओं को पांच तरह की सुविधाएं मिलती हैं। यदि कोई पीड़ित महिला वहां पहुंचती है तो वहीं पर उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर भी लिखी जाती है। उसका मेडिकल करवाया जाता है। उसे पांच दिन का रहने खाने की सुविधा दी जाती है। घरेलू हिंसा की शिकार होने पर दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता का भी काम वन स्टॉप सेंटर में होता है। महिला शक्ति केंद्र की टीम ने जिला महिला अस्पताल जाकर नवजात बच्चियों की माता को बेटी के नाम का एक पौधा दे कर सम्मानित किया। महिला शक्ति केंद्र की टीम ने कहा कि आप यह पौधा अपने घर पर अपनी बेटी के नाम पर लगा दीजिएगा। उन्हें बताया कि सरकार बेटियों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बच्चियों के जन्म से लेकर 12वीं तक की शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार हर स्तर पर उनकी मदद कर रही है। बच्ची के जन्म पर 2000 रुपये, उसके टीकाकरण के बाद 1000, पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर 2000 रुपये, छठीं कक्षा में प्रवेश लेने पर 2000 रुपये, नवीं कक्षा में प्रवेश लेने पर 3000, 10वीं या 12वीं पास होने के बाद डिप्लोमा अथवा स्नातक में प्रवेश करने पर 5000 रुपये सरकार उसके खाते में भेजती है जिससे उसकी पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। कार्यक्रम में एड्स काउंसलर सीमा सिंह, सेक्सुअल ट्रांसमिटेड इनफेक्शन (एसटीआई) काउंसलर ज्योति सिंह ने भी भाग लिया।

# 56 वर्षों बाद प्रकाशित हुई बागपत की नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा

बागपत पत्रकार विवेक जैन : जनपद बागपत को गौरवान्वित करने वाली देश की सबसे महान महिलाओं में शुमार नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा को आपातकाल के दौरान प्रतिबन्धित किये जाने के लगभग 56 वर्षो के बाद आर्यखंड टेलीविजन प्राईवेट लिमिटेड़ शाहदरा दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। 208 पृष्ठों की यह आत्मकथा स्वतंत्रता आंदोलन का एक जीवंत अध्याय है। 05 मार्च 1902 को जनपद बागपत के खेकड़ा में जन्मी आजाद हिन्द फौज में रानी झांसी रेजिमेंट की सिपाही नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा के प्रकाशित होने पर खेकड़ा सहित समस्त जनपदवासियों में खुशी का माहौल है। खेकड़ावासियों ने नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा को जन–जन तक पहुँचाने के लिए कमर कस ली है। इसी क्रम में आज प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्ता और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा भेंट की गयी। विपुल जैन ने कहा कि नीरा आर्य नागिन जैसी शख्सियत सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है। कहा कि नीरा आर्य नागिन देशभक्ति से ओत–प्रोत एक ऐसी शानदार शख्सियत थी, जिनको शब्दों में बयां करना मेरे लिए सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। विपुल जैन ने सभी देशवासियों से नीरा आर्य नागिन की आत्मकथा



को पढ़ने और उनके शानदार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर उनका जीवन में अनुसरण करने को कहा। उन्होंने नीरा आर्य नागिन की दुर्लभ चित्रों सहित प्रकाशित आत्मकथा को पुनः देश के सामने लाने और खेकड़ा में बनाये जा रहे नीरा आर्य नागिन संग्रहालय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख समाजसेवी एवं साहित्यकार तेजपाल सिंह धामा खेकड़ा वालों की प्रशंसा की। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन खेकड़ा के अध्यक्ष मनोज जैन, युवा भाजपा नेता सन्नी गुप्ता, खेकड़ा के प्रमुख समाजसेवी रामकुमार धामा आदि उपस्थित थे।

# 15वी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में अवध कॉलेजिएट दूसरे स्थान पर रहा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चौक स्टेडियम में 15 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के लगभग 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें सीएमएस चौक ने प्रथम एवम् अवध कॉलेजिएट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । उत्तर विधान सभा के विधायक श्री नीरज वोहरा जी की उपस्तिथि में विजताओ की घोषणा हुई । विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है। अरवी गोल्ड मेडल जूनियर महिला वर्ग अंडर 49–kg सुखबीर सिल्वर मेडल जूनियर पुरुष वर्ग अंडर 49– kg कृति सिल्वर मेडल सबजूनियर महिला वर्ग अंडर 34–kg दिवाकर सिल्वर मेडल कैडेट पुरूष वर्ग अंडर 44 –kg आदर्श सिल्वर मेडल कैडेट पुरूष वर्ग अंडर 35– kg सक्षम सिल्वर मैडल कैडेट पुरूष वर्ग अंडर 38–kg कुनाल पटेल ब्रोंज मेडल सबजूनियर पुरूष वर्ग अंडर 30– kg हिमांशु ब्रोंज मैडल जुनियर पुरुष वर्ग अंडर 54 –kg जनरल सेक्रेटरी टी .एफ.आई. डा. ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर. जगत्यानी ने घोषणा की




कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना गया है। अवध कॉलेजिएट के प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं जतिंदर वालिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों व उनके कोच को बधाई दी तथा आने वाले राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश भारती पब्लिक इण्टर कॉलेज राजाजीपुरम् लखनउ के भव्य प्रांगण में सम्पन्न हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह। उपरोक्त कार्यक्रम में 1857 में हुए प्रथम स्वाधीनता संग्राम के नायको को याद किया गया। डा० दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश , रजनी तिवारी उच्च शिक्षा मन्त्री उत्तर प्रदेश, श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर नगर निगम लखनऊ ने अमर शहीद मंगल पाण्डेय, अन्तिम मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर ,महारानी लक्ष्मी बाई को भारत माता के पूजन फे साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने कहा कि कोई भी देश बलिदान बिना आजाद नहीं हो सकता। रजनी तिवारी ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि यदि रानी लक्ष्मी बाई को अन्य राजाओं का सहयोग मिलता तो देश 1857 में ही आजाद हो जाता। महापौर संयुक्ता भाटिया ने उद्दबोधन में लखनऊवासियों का क्रांति में योगदान की याद दिलाई, अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह को श्रद्धान्जलि अर्पित की। संस्था के प्रबन्धक वेद व्रत वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबन्धक मनुव्रत वाजपेयी ने किया। सायं 7 बजे से देश भर से पधारे कवियों ने देश भक्ति से ओत प्रोत काव्य पाठ किया।

जिन कवियों ने काव्यपाठ किया उनकी पंक्तियाँ इस प्रकार हैं–

''अमर तिरंगा स्वाभिमान से दुनिया भर में डोलेगा जहाँ गिरेगा खून हमारा वन्दे मातरम् बोलेगा''–वेदव्रत वाजपेयी लखनऊ। ''आइना तुम बनो तो संवर जायेगे, जिंदिगी आपके नाम कर जायेंगे, प्यार में चाहो तो आजमा लो मुझे, छोड़ कर तुम गए तो मर जाएंगे''–हेमा पाण्डेय। ''जो उलझे प्रश्न हैं उनको जरा सा टाल कर देखो, हृदय



में दूसरों का दर्द भी कुछ पाल कर देखो, तुम्हें लगने लगेगे रंग फीके सब वतन वालो, तिरंगा रंग लोगों के दिलों पर डाल कर देखो''–मनु व्रत वाजपेई। ''घाटी में तैनात करो योगी जी को लखनऊ मोदी जी को योगी जी आतंकियों से पानी भरवायेंगे मोदी जी काश्मीर में तिरंगा फहरायेंगे''–शेखर त्रिपाठी (लखनऊ)। ''समर्पण एक जैसा हो तो घर मशहूर हो जाए'' दृ प्रमोद मिश्रा। ''सचिन के साथ गौरी जो लगा वह माँ मेरे नाम है,अपनी माँ की हर ख्वाइश पूरी करना मेरा काम है''– सचिन गौरी वर्मा चौरी चौरा गोरखपुर। इसके साथ ही प्रसिद्ध हास्य रस के कवि सर्वेश अस्थाना लखनऊ, रुबिया खान हाथरस, सुनहरी लाल तुरन्त (दिल्ली) ने काव्य पाठ किया । इस अवसर पर स्वामी योगी आनंद जी महाराज (मिशिगन अमेरिका), कैप्टन सन्तोष कुमार द्विवेदी (आई ए एस), कर्नल लक्ष्मी कान्त तिवारी, ओ.पो चतुर्वेदी, राजू पण्डित, आर० डी० द्विवेदी, मुरली धर आहूजा, राजेन्द्र अग्रवाल, रामपाल शर्मा, संजीव अवस्थी, रानी कीर्ति सिंह, गुड्डू मिश्रा, अशोक वाजपेयी, व्यंजना शुक्ला, जय व्रत वाजपेयी, अचल कुमार पाण्डेय आदि गणमान्य उपस्थित रहे। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती साधना वाजपेयी ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद दिया।

# शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर हुआ समझौता : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा के साथ एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अनुरूप दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उन्नयन एवं संवर्धन हेतु कार्य करेगा। इसमें प्रमुख रूप से अन्त संस्थागत शिक्षण, प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान–प्रदान के विषयों पर कार्य किया जाएगा। राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय अरुणाचल के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाहा ने इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर पीयू एमओयू के समन्वयक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि दोनों संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों कार्यशालाओं का समय–समय पर आयोजन करेंगे । दोनों संस्थाओं के शिक्षक, शोध वैज्ञानिक और स्नातक, परास्नातक छात्र विभिन्न शोध गतिविधि और संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं और पब्लिकेशन में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। विषय प्रवर्तन करते हुए एमओयू के नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि दोनों संस्थाओं के शिक्षक, शोध वैज्ञानिक और स्नातक, परास्नातक छात्र अनुमोदित शैक्षणिक दौरे के दौरान बिना किसी वित्तीय खर्च के एकदृदूसरे के यहां रह सकेंगे। प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में कम से कम एक बार दोनों



संस्थान एक दूसरे के यहाँ अपने विद्यार्थियों को अपने यहाँ की शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को समझने के लिए भेजेंगे। धन्यवाद ज्ञापन पीयू आइक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय ने किया। कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार को एमओयू टीम ने दस्तावेज सौंपे। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, श्रीमती बबीता सिंह, अमृत लाल, एवं राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो वाइसचांसलर प्रो. अमिताभ मित्रा, कुलसचिव डॉ एनटी रिकम, डेविड पार्टिन नोडल ऑफिसर आईक्यूएसी सेल के प्रो. रामचंद्र परीदा की टीम ने संबोधन किया। इस अवसर पर प्रो.वंदना राय, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो.अशोक श्रीवास्तव, प्रो बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डा. संदीप सिंह, डा. मनोज मिश्र, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. संतोष कुमार, डा. आशुतोष सिंह, डा. रसिकेश, डा. रजनीश भास्कर,डा. गिरधर मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. सुरजीत यादव, डा. पुनीत धवन. डा. अमित वत्स, डा.सुशील कुमार सिंह आदि शामिल थे।

